

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

## हेजलवुड, बार्टलेट और एलिस की घातक गेंदबाजी से भारत 125 रन पर ढेर

**मेलबर्न, 31 अक्टूबर — जॉश हेजलवुड (तीन विकेट), जेवियर बार्टलेट और नेथन एलिस (दो-दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी और कप्तान मिचेल मार्श (46) व ट्रैविस हेड (28) की विस्फोटक पारियों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत को चार विकेट से मात दी। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।**

भारत के 126 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। कप्तान मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड ने पहले विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी कर मजबूत नींव रखी। वरुण चक्रवर्ती ने हेड (28) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कुलदीप यादव ने मार्श (46) को चलता किया, लेकिन तब तक ऑस्ट्रेलिया मैच पर पकड़ बना चुका था। हालांकि जसप्रीत बुमराह ने अंतिम क्षणों में दो लगातार विकेट लेकर उम्मीद जगाई, मगर मार्कस स्टॉयनिस (नाबाद 6) ने चौदहवें ओवर की दूसरी गेंद पर दो रन लेकर टीम को जीत दिला दी।इससे पहले, भारत की पारी 125 रनों पर सिमट गई। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया। शुभमन गिल (5), संजू सैमसन (2), सूर्यकुमार यादव (1) और तिलक वर्मा (0) जल्दी आउट हो गए। अभिषेक शर्मा ने 37 गेंदों पर 68 रन (7 चौके, 2 छक्के) की शानदार पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

हर्षित राणा ने 33 रनों की पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे।ऑस्ट्रेलिया के लिए हेजलवुड ने तीन, बार्टलेट और एलिस ने दो-दो विकेट झटके। भारत की ओर से कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। हेजलवुड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



### ऑस्ट्रेलिया ने पहले की थी गेंदबाजी

**मेलबर्न.** ऑस्ट्रेलिया ने को दूसरे टी-20 मुकाबले में टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचले मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस के बाद उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है। जॉश फिलिपे आज का मुकाबला नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह पर मैट शॉर्ट को मौका दिया गया है। वहीं भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा वह भी पहले बल्लेबाजी ही करना चाहते थे ऐसे में दोनों कप्तानों को जो चाहिए था वो मिल गया है। उन्होंने कहा कि टीम में कोई बदलाव नहीं है। पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल है लेकिन परिस्थितियों के कारण शुरुआत में तेज गेंदबाजो को मदद मिल सकती है।

# फुटबॉल चैंपियंस लीग में 5 मेट्स पैंथर्स ने दर्ज की जीत

**रायपुर, 31 अक्टूबर. वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा रायपुर में जारी 'छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग' के दूसरे दिन पांच रोमांचक मुकाबले खेले गए।**

खिलाड़ियों ने मैदान पर शानदार खेल कौशल, फिटनेस और अनुशासन का प्रदर्शन किया, जबकि दर्शकों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मैचों का आनंद लिया। दिन का पहला मुकाबला ब्रह्मविद एफसी और इंफिनिटी टाइगर्स के बीच हुआ, जिसमें ब्रह्मविद एफसी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 5ङ्क1 से जीत दर्ज की। टीम के लिए भोले एस. मिरिंडा ने हैट्रिक लगाई, जबकि अरुण और शोएब रवानी ने एक-एक गोल दागा। दूसरा मैच फिल्स फाइटर बिलासपुर और बोर्नियो कैपिटल के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले में फिल फाइटर ने 2ङ्क1 से जीत हासिल की, जिसमें प्रदीप सोनी ने दोनों गोल दागे। तीसरे मैच में नरेश चैलेंजर्स ने सराफत लायंस को 1ङ्क0 से मात दी। टीम की जीत का एकमात्र गोल अजय कश्यप ने किया।



### जॉश हेजलवुड पिच की नमी का फायदा उठाने में कामयाब रहे : मार्श

**मेलबर्न.** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने कहा कि टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना महत्वपूर्ण रहा और जॉश हेजलवुड पिच की नमी का फायदा उठाने में कामयाब रहे। भारत को चार विकेट से हराने के बाद मिचेल मार्श ने टॉस जीतना हमारे लिए फायदेमंद रहा। पिच में थोड़ी नमी थी और जोश हेजलवुड ऐसे हालात में बेहतरीन गेंदबाज है। हमारा इरादा शुरुआत में कुछ विकेट लेने का था। हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, विकेट लेने के लिए लगातार आक्रमण करते रहे। उन्होंने कहा कि पिछले विश्व कप से हमने 25 खिलाड़ियों का एक टीम बनाने का प्रयाया किया है.

# अभिषेक की जुझारू पारी की सराहना



**मेलबर्न, 31 अक्टूबर भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को दूसरे अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की चार विकेट से जीत में जोश हेजलवुड की शुरुआती सफलता महत्वपूर्ण रही।**

उन्होंने अभिषेक की जूझारू पारी की सराहना करते हुए कहा कि वह यह काम काफी समय से कर रहा है। उसे अपने खेल और अपनी पहचान की पूरी समझ है और अब वह उसे बदलने की कोशिश नहीं कर रहा। मैच के बाद सूर्यकुमार यादव ने कहा, अगर आप जल्दी चार विकेट गंवा देते हैं, तो वापसी करना बहुत मुश्किल होता है। इसका श्रेय उन्हें जाता है, उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। इसके साथ ही उन्होंने अभिषेक शर्मा की 68 रनों की जुझारू पारी सराहना करते हुए कहा, वह अपने खेल की पहचान और समझ हैं और यह अच्छी बात है कि वह इसे बदल नहीं रहे हैं। उम्मीद है कि वह हमारे लिए ऐसी और भी कई पारियां खेलेंगे। प्लेयर ऑफ द मैच जोश हेजलवुड ने विकेट को तेज गेंदबाजो के लिए मददगार बताया और प्रयोग करने के बजाय निरंतरता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लग रहा है कि गेंद हाथ से बहुत अच्छी तरह निकल रही है, चाहे मैं किसी भी प्रारुप में खेल रहा हूं।

## एक नजर में



### न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे के लिए क्रिस्टियन क्लार्क को टीम में बुलाया

**वेलिंग्टन.** न्यूजीलैंड ने मैट हेनरी की जगह नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के तेज गेंदबाज क्रिस्टियन क्लार्क को इंग्लैंड के खिलाफ चल रही घरेलू सीरीज के तीसरे और आखिरी एकदिवसीय के लिए पहली बार टीम में शामिल किया है। मैट हेनरी काफ में स्ट्रेन की दिग्गत के कारण बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे से बाहर हो गए थे। हेनरी हैमिल्टन से वेलिंगटन जाने के बजाय क्राइस्टचर्च अपने घर लौटेंगे। तीसरा मैच शनिवार को वेलिंगटन में खेला जाएगा। क्लार्क अच्छी ऑलराउंड फॉर्म के साथ टीम में आए हैं।



### उम्मीद है कि फाइनल में भी रंग जमाएंगी दीप्ति

**आगरा.** आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में अपने हरफनमौला प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाली दीप्ति शर्मा के परिजनों को उम्मीद है कि विश्व विजेता की ट्राफी उठाने में भी दीप्ति की भूमिका अहम रहेगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हरा कर इतिहास रचा दिया। इस मैच में आगरा की दीप्ति शर्मा ने 24 रनो की धुआंधार पारी से पहले आस्ट्रेलिया के दो अहम विकेट भी झटके थे। दीप्ति शर्मा के प्रदर्शन और सेमीफाइनल में भारतीय टीम की जीत से परिजन काफी खुश हैं। परिजनों को उम्मीद है कि फाइनल में भी भारतीय लड़कियां दक्षिण अफ्रीका को धूल चटायेंगी और एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।



### श्याम लाल कॉलेज ने शहीद भगत सिंह कॉलेज को सात विकेट से हराया

**नयी दिल्ली.** रौनक राव (23 रन पर 5 विकेट) और देवांश बिष्ट (14 रन पर 4 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्याम लाल कॉलेज ने श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज मैदान पर दिल्ली विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट (पुरुष) टूर्नामेंट 2025-26 में शहीद भगत सिंह कॉलेज (सांध्य) को सात विकेट से हरा दिया। श्याम लाल कॉलेज के कप्तान विनय नेगी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। रौनक राव और देवांश बिष्ट के गेंदबाजी आक्रमण के आगे शहीद भगत सिंह कॉलेज की टीम 21.5 ओवर में 80 रन पर ढेर हो गई।



## एसीसी राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट 14 नवंबर से, भारत बनाम पाकिस्तान का मैच 16 नवंबर को

**दोहा (कतर) 31 अक्टूबर.** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के राइजिंग स्टार्स टी-20 टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच 16 नवंबर को मुकाबला होगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को दो ग्रुप की घोषणा की। ग्रुप ए में अफगानिस्तान, बंगलादेश, हांगकांग और श्रीलंका हैं, जबकि ग्रुप बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई हैं। 14 नवंबर से पाकिस्तान और ओमान मैच से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच 16 नवंबर को मैच खेला जायेगा। यह सितंबर में हुए सीनियर एशिया कप के बाद भारत और पाकिस्तान की पुरुष टीमों के बीच पहला क्रिकेट मैच होगा।

यह टूर्नामेंट 14 नवंबर से 23 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान 14 से 19 नवंबर तक प्रत्येक दिन दो मुकाबले होंगे। इसके बाद 21 नवंबर को सेमीफाइनल तथा 23 नवंबर को खिताबी भिड़ंत होगी।

# एंग्जायटी के बाद यह एक सपने जैसा : रॉड्रिग्स


## भारतीय महिला टीम की धाकड़ बल्लेबाज ने कहा

**नवी मुंबई 31 अक्टूबर भारतीय महिला टीम की धाकड़ बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स ने कहा कि मुश्किल महीने के बाद मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर महिला विश्व कप के फाइनल में पहुंचना 'एक सपने जैसा' लगा।**

ऑस्ट्रेलिया को गुरुवार रात सेमीफाइनल में हराने के बाद भावुक रॉड्रिग्स ने कहा, आज यह मेरे 50 या 100 रन की बात नहीं थी, आज बस भारत को जिताना था। मुझे पता था कि मुझे कुछ अवसर मिले, लेकिन मुझे लगा कि भगवान ने सब कुछ लिखा हुआ था। मैं मानती हूं कि अगर आप सही इरादे से सही काम करते हैं, तो वो हमेशा आशीर्वाद देते हैं। मुझे लगता है जो कुछ भी हुआ, वह बस इसी पल के लिए निर्धारित था। यह महीना बहुत कठिन था। यह सब एक सपना जैसा लगता है और अब तक विश्वास नहीं हो रहा। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर एकदिवसीय इतिहास में सबसे बड़ा लक्ष्य 339 रन सफलतापूर्वक हासिल किया है।

शेफाली वर्मा के आउट होने के बाद रॉड्रिग्स तीसरे नंबर पर दूसरे ओवर में बल्लेबाजी शुरू की और अंत तक 127 रन पर नाबाद रहीं। रॉड्रिग्स ने कहा, मुझे लगा था कि मैं नंबर पांच पर जाऊंगी। मैं नहा रही थी और तभी टीम मीटिंग चल रही थी।





# आयुष शेट्टी हाइलो ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**सारब्रुकन (जर्मनी) 31 अक्टूबर. भारत के आयुष शेट्टी, लक्ष्य सेन, किरण जॉर्ज और रक्षिता रमेश ने अपने-अपने दूसरे दौर के मैचों में जीत दर्ज कर हाइलो ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।**

सारलैंडहॉल में गुरुवार को बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलते हुए आयुष शेट्टी ने 2021 के वर्ल्ड चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू को 34 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-11 से हराकर चौंका दिया। आयुष पहले गेम में 5-2 से पीछे थे, लेकिन भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने लगातार सात पॉइंट लेकर वापसी की और धीरे-धीरे उस मोमेंटम को बनाए रखा। इससे पहले दिन में, पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने भी अपने हमवतन शंकर सुब्रमण्यम को 21-14, 21-11 से हराकर लगातार दूसरे मैच में जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर 17 लक्ष्य सेनअब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए फ्रांस के चौथे सीड एलेक्स लैनियर से भिड़ेंगे। इस बीच, दुनिया के 38 नंबर की बैडमिंटन खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने उलटफेर करते हुए 69 मिनट में फ्रांस के 13वें नंबर के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21, 21-18, 21-19 से हराकर दिया। किरण ने पहले राउंड में पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 किदांबी श्रीकांत को हराया था। महिला एकल में, रक्षिता ने एक ऑल-इंडियन बैडमिंटन मुकाबले में हमवतन श्रीयांशी वालिशेट्टी को 19-21, 21-8, 21-13 से हराया। रक्षिता अब डेनमार्क की छठी सीड लाइन क्रिस्टोफरसेन से भिड़ेंगी। इस बीच, उन्नति हुड्डा ने डेनमार्क की आठवीं सीड जूली जैकबसेन को 21-9, 21-18 से हराया।

## शानदार प्रदर्शन — मुक्केबाजों और रेसलरों का दमदार प्रदर्शन, सात स्वर्ण सहित 15 पदक जीते

# भारत ने एशियन यूथ गेम्स में जीते रिकॉर्ड 48 पदक

**मनामा, 31 अक्टूबर — भारतीय एथलीटों ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 48 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ अभियान दर्ज किया। गुरुवार को अंतिम दिन भारत ने सात स्वर्ण सहित 15 पदक जीते, जिससे देश का कुल पदक तालिका में आंकड़ा 13 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य पर पहुंच गया। यह अब तक का भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।**

पिछले संस्करणों में भारत ने इतना दमदार प्रदर्शन कभी नहीं किया था। 2013 में नानजिंग में हुए खेलों में भारत ने ओलंपिक झंडे तले सिर्फ 13 पदक जीते थे, जबकि 2009 में सिंगापुर में भारत के खाते में 11 पदक आए थे। इस बार भारतीय मुक्केबाजों ने सबसे ज्यादा चमक बिखेरी।

खुशी चंद (46 किग्रा), अहाना शर्मा (50 किग्रा), चंद्रिका पुजारी (54 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक वर्ग) ने स्वर्ण जीते। वहीं हरनूर कौर (66 किग्रा) और लंचेनबा सिंह (50 किग्रा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बीच रेसलिंग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने दम दिखाया। सनी सुभाष फुलमाली, अर्जुन रूहील और अंजलि ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि रविंदर और सुजय नागनाथ तानपुरे ने रजत पदक



- 2013 और 2009 के प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए भारत ने किया सर्वश्रेष्ठ समापन
- भारत को मिले 13 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य पदक

जूडो में मोनिका खुयन्थेम ने रजत और हर्षित ने कांस्य पदक जीता। स्विमिंग में तीर्थंकर पेगू ने 200 मीटर बटरफ्लाई में रजत हासिल किया, जबकि वेटलिफ्टर पर्व चौधरी ने 94 किग्रा क्लीन एंड जर्क वर्ग में कांस्य पदक जीता। भारत का यह प्रदर्शन एशियन यूथ गेम्स के इतिहास में स्वर्णिम उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ है।

### भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर मैनुअल फ्रेडरिक का निधन

**कन्नूर.** भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर और केरल के पहले ओलंपिक पदक विजेता मैनुअल फ्रेडरिक का शुक्रवार को बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ति थे। वह 78 साल के थे। उनकी पत्नी, सीथला का पिछले सितंबर में निधन हो गया था। उनके परिवार में उनकी दो बेटियां, फ्रेशिना प्रवीण और फेनिला टिनू थॉमस हैं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार कल बेंगलुरु में किया जायेगा। 20 अक्टूबर 1947 को कन्नूर के पास बर्नसेरी में जोसेफ और सारा के घर जन्मे मैनुअल ने कन्नूर के सेंट माइकल एंग्लो-इंडियन स्कूल और बाद में बेंगलुरु